फैक्स / क्यूमेल / आवश्यक

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश।

टावर–1 चर्तुथ तल, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

संख्याःअठ्ठारह–233–2022 (एसआई लिपिक) दिनांकःलखनऊःनवम्बर 25,2022

## आदेश

उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा–संशोधित) में निहित निर्देशों के अर्न्तगत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये, ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) से पुलिस निरीक्षक(लिपिक) के पद पर पदोन्नति हेतु भर्ती बोर्ड स्तर पर गठित विभागीय चयन समिति की संस्तुति अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्याः पीआरपीबी–चार–10(24)–2022 दिनॉक 21.11.2022 द्वारा इस मुख्यालय को उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें 27 कार्मिकों को पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) से पुलिस निरीक्षक(लिपिक) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है। उपयुक्त पाये गये 27 कार्मिकों के सापेक्ष वर्तमान में 31.10.2022 तक पुलिस निरीक्षक(लिपिक) की 22 रिक्तियॉ विद्यमान है, जिनका पदोन्नति आदेश निर्गत किया जा रहा है। शेष बच रहे 05 कार्मिकों का पदोन्नति आदेश माह दिसम्बर 2022 से जून 2023 तक माहवार घटित होने वाले पुलिस निरीक्षक लिपिक की रिक्तियों के सापेक्ष निर्गत किया जायेगा। अध्यक्ष उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी विभागीय चयन समिति की संस्तुति पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित किये जाने के फलस्वरूप वर्तमान में उपलब्ध रिक्ति के सापेक्ष निम्नलिखित 22 कार्मिकों को तत्कालिक प्रभाव से इनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पुलिस निरीक्षक (लिपिक) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| क्र0 सं0 | ज्येष्ठता क्रमांक | पीएनओ | नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि | वर्तमान नियुक्ति | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 872412938 | श्री इनाम उल्ला | स्व0 इनायत उल्ला | 21-07-1965 | उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ | 2022 |
| 2 | 2 | 870020027 | श्री राज आनन्द श्रीवास्तव | बृजवासी लाल | 24-06-1963 | रायबरेली | 2022 |
| 3 | 3 | 870510425 | श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव | श्री राम दुलार यादव | 05-02-1963 | उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ | 2022 |
| 4 | 4 | 870450312 | श्री महावीर प्रसाद गुप्ता | स्व0 भगवान प्रसाद गुप्ता | 31-01-1964 | उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ | 2022 |
| 5 | 5 | 880790060 | श्री सतीश कुमार यादव | श्री रामशरण यादव | 10-07-1966 | मैनपुरी | 2022 |
| 6 | 9 | 900790067 | श्री अरूण कुमार मौर्य | स्व. राम अधार मौर्य | 06-04-1970 | ललितपुर | 2022 |
| 7 | 10 | 900600632 | श्री आलोक कुमार श्रीवास्तव | स्व0 केशरी प्रसाद श्रीवास्तव | 01-01-1968 | रेडियो मुख्यालय लखनऊ | 2022 |
| 8 | 11 | 902028270 | विभुरंजन शर्मा | स्व. दुर्गा दत्त शर्मा | 03-01-1969 | मण्डलाधिकारी कार्यालय सहारनपुर | 2022 |
| 9 | 12 | 900470239 | श्री अशोक कुमार मिश्र | स्व. श्रीपाल मिश्र | 17-03-1967 | गाजियाबाद | 2022 |
| 10 | 13 | 900820672 | श्री दिनेश चन्द्र वर्मा | स्व0 रामस्वरूप वर्मा | 09-08-1971 | सुरक्षा विभाग उ0प्र0 लखनऊ | 2022 |
| 11 | 14 | 912690014 | श्री राम तारक | स्व0 दुखन्तु राम | 02-02-1970 | जौनपुर | 2022 |
| 12 | 15 | 912920175 | श्री विजय प्रताप सिंह | स्व. राज बहादुर सिंह | 12-02-1971 | वाराणसी | 2022 |
| 13 | 16 | 912690580 | श्री संतजी सिंह | स्व0 नन्दजी सिंह | 14-07-1972 | उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ | 2022 |
| 14 | 18 | 910530374 | ममता राय | स्व. सिंहासन राय | 25-05-1971 | पी0एम0टी0 कार्यालय वाराणसी | 2022 |
| 15 | 19 | 910800019 | श्रीमती नफीस अख्तर | स्व. अब्दुल हमीद | 12-09-1971 | ई0ओ0डब्लू0 मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ | 2022 |
| 16 | 22 | 911022838 | श्री जितेन्द्र कुमार द्विवेदी | स्व. दया शंकर द्विवेदी | 12-10-1969 | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,उ0प्र0 | 2022 |
| 17 | 23 | 912662899 | श्री धर्मेन्द्र कुमार तिवारी | स्व. प्रमोद कुमार तिवारी | 05-01-1971 | मुख्यालय पुलिस महानिदेशक,उ0प्र0 | 2022 |
| 18 | 24 | 910820196 | सविता रावत | स्व0 मदन सिंह रावत | 01-06-1972 | अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ | 2022 |
| 19 | 25 | 912110561 | श्री सुहैल अहमद | श्री खलील अहमद | 21-03-1964 | अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ | 2022 |
| 20 | 26 | 910820242 | श्री सुरेश कुमार | श्री राम नाथ | 13-07-1967 | पुलिस अधीक्षक(क्षेत्रीय) कानपुर | 2022 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 27 | 910820255 | श्री विनोद कुमार राय | स्व0 श्री नारायण राय | 12-10-1963 | अभिसूचना मुख्यालय | 2022 |
| 22 | 28 | 910820271 | श्री बक्शी संजीव कुमार सिन्हा | श्री बक्शी सिद्धनाथ सिन्हा | 01-10-1966 | अभिसूचना मुख्यालय | 2022 |

2– पदोन्नति पाये उक्त पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) अपने नियुक्ति स्थान जनपद/इकाई/शाखा पर कार्यभार ग्रहण करेगें। उक्त कर्मियों के परिवीक्षा काल हेतु उ0प्र0 पुलिस लिपिक लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा संशोधित) में अंकित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित होगी।

3– पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) से **संलग्न प्रारूप (क)** में स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्याः 13/21 /89– का–1–1997 दिनांकः 28.05.1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉः–

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है,

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप–पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। उपरोक्त तीनों परिस्थितियॉ सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) के विरूद्ध विद्यमान न हों।

4– यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं हैं तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) को पुलिस निरीक्षक (लिपिक) के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मी के पदोन्नति के आदेश का कियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या इस मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुये दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

5– यदि सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस जनपद/इकाई में सम्बन्धित पुलिस उपनिरीक्षक (लिपिक) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित संबंधित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख इस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

6– आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

संलग्नकः प्रारूप (क)

(संजय सिंघल)
अपर पुलिस महानिदेशक,स्थापना
उतर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।
2–अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ/उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय/सुरक्षा विभाग उ0प्र0/ई0ओ0डब्लू0 लखनऊ/अभिसूचना मुख्यालय/
3–अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0 मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ।
4– अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ।
5– पुलिस आयुक्त, वाराणसी।
6–समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
7–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।
8–वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद–रायबरेली/मैनपुरी/ललितपुर/गाजियाबाद/जौनपुर /
9–मण्डलाधिकारी कार्यालय सहारनपुर।
10–राज्य पुलिस मोटर वाहन अधिकारी, वाराणसी।

# स्वघोषणा–पत्र

मैं शपथकर्ता (नाम / पदनाम व पीएनओ)-------------------------------------------पुत्र

----------------निवासी-----------------थाना--------------जनपद------------------

वर्तमान में(जनपद / इकाई)--------------------------------------------नियुक्त हूँ। मैं प्रमाणित करता हूँ कि:–

(1) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित / प्रचलित नहीं है और न ही कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है।

(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत जनपद / इकाई-----------में कार्यवाही लम्बित है, जिसमें दिनांकः------को आरोप–पत्र दिया गया है।

(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0-------------धारा--------------------------थाना-------------

जनपद---------में लम्बित है, जिसमें दिनांकः---------को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी-------------द्वारा आरोप–पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में-------------स्तर पर चल रहा है।

2– मेरे द्वारा प्रस्तुत घोषणा–पत्र में अंकित तथ्य यदि असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। यह घोषणा–पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दबाव के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

हस्ताक्षर

नाम / पदनाम / पीएनओ
नियुक्ति स्थान–
दिनांकः–

प्रमाणित
जनपद / इकाई के प्रभारी

नाम / पदनाम की मुहर

नोट–स्वघोषणा–पत्र के प्रस्तर–1 के उपप्रस्तर–(1), (2) व (3) में से जो लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (x) दिया जाय।